आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में नई शिक्षा नीति होगी कारगर



वेबिनार में शामिल लोग • जागरण

सरला बिरला विश्वविद्यालय में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर वेबिनार का किया गया आयोजन

जागरण संवाददाता, रांची : सरला बिरला विवि में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड टेक्निकल विवि के कुलपति डॉ. गोपाल पाठक ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। उच्च शिक्षा को एक छतरी के अंतर्गत निहित किया गया है।

पंडित मदन मोहन मालवीय एवं स्वामी विवेकानंद के सपनों के भारत के निर्माण की दिशा में नई शिक्षा पद्धति अवश्य ही कारगर साबित होगी। अब शिक्षकों को अपने गुरुत्व को साकार करने का वांछित अवसर मिलेगा।

नई शिक्षा नीति उद्यमिता विकास की दिशा में एक नई इच्छाशक्ति व ज्ञान के साथ-साथ कौशल विकास को महत्व दे रही है। विशिष्ट अतिथि बीआईटी मेसरा के कुलपति डॉ. इंद्रनील मन्ना ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति बड़ा बदलाव लेकर आ रहा है। सरला-बिरला विवि के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार सिंह ने सभी का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन डीन श्रीधर बी. डांडिन ने किया।

Dainik Jagran,19.08.2020, Pg no.04